अमर उजाला

16-09-2022

# कॅरिअर के विभिन्न अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को दी जानकारी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी में मेधा संगठन के सहयोग से कॅरिअर अवेयरनेस विषय पर कार्यशाला हुई। इसमें कॉमर्स और मैनेजमेंट के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता मेधा संगठन से अभिषेक वर्मा ने विद्यार्थियों को 21वीं सदी में कॅरिअर के विभिन्न अवसरों के बारे में बताया। कार्यशाला की संयोजिका डॉ. भारती विज ने बताया कि इस तरह की वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कॅरिअर के अवसरों के बारे में अवगत कराना है। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संगठन से अस्मिता गुप्ता, डॉ. सुमन रंगा, डॉ. रवनीत कौर व डॉ. अमिता उपस्थित रही। **संवाद**